सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 144 | इंदौर, शनिवार 02 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मतगणना स्थल में फोटो/विडियोग्राफी प्रतिबंधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने इन्दौर जिले की सभी 09 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये 3 दिसम्बर 2023 को होनी वाली मतगणना के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। यह आदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किये गये हैं। आदेश के अनुसार 3 दिसम्बर 2023 को मतगणना स्थल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार की फोटो, विडियोग्राफी प्रतिबंधित किया गया है। इसी तरह 3 दिसम्बर 2023 को मतगणना के दौरान मतगणना केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि के अन्दर मोबाईल, सेल्युलर, कार्डलेस फोन, वायरलेस सेट के उपयोग को भी प्रतिबंधित किया गया है।



# घना कोहरा के साथ विजिबिलिटी 50 मी.से कम रही

# आज 23 जिलों में अलर्ट...

## इंदौर- धार - बड़वानी में सुबह बारिश

**ठंड का असर भी बढ़ेगा**

भोपाल के वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि 8-9 दिसंबर तक प्रदेश में बादल-हल्की बारिश होगी। दूसरे पखवाड़े की शुरुआत के साथ ठंड का असर भी बढ़ जाएगा। दिसंबर में ग्वालियर, चंबल और पचमढ़ी ज्यादा ठंडे रहेंगे। भोपाल, इंदौर, जबलपुर-उज्जैन समेत प्रदेश में भी रात के टेम्प्रेचर में भी गिरावट होगी।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश के कई शहरों में शनिवार सुबह घना कोहरा रहा। भोपाल में 10 बजे के बाद भी धुंध छाई हुई है। इंदौर, धार और बड़वानी जिले के सेंधवा में हल्की बारिश हुई। जबलपुर में बादल छाए हुए हैं। उज्जैन में भी लगातार चार दिन से धूप नहीं निकली है। खंडवा शहर में 9 बजे से पहले कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। इन दिनों वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। चक्रवाती हवा और ट्रफ लाइन भी गुजर रही है।शुक्रवार को भोपाल, जबलपुर समेत 14 जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बारिश का दौर शनिवार को भी जारी रहेगा। भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 23 जिलों में बारिश का अलर्ट है। बाकी जिलों में बादल छाए रहेंगे।

### आज यहां बारिश के आसार

इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, धार, बड़वानी, खरगोन, देवास, खंडवा, सीहोर, रायसेन, सागर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, कटनी, पन्ना, सतना, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली और शहडोल में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। मंदसौर, रतलाम, बुरहानपुर, शाजापुर, आगर-मालवा, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, गुना, विदिशा, सिवनी और अनूपपुर में भी मौसम बदला रहेगा।

### पचमढ़ी से ठंडी रही खजुराहो की रात !

शुक्रवार की रात खजुराहो में पचमढ़ी से ठंडी रही। खजुराहो में 12 डिग्री, जबकि पचमढ़ी में 13.4 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। सीधी में सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री रहा।

# मतगणना-प्रशासन की तैयारियां लगभग पूरी

◆सबसे पहले इंदौर तीन तो आखिर में राऊ का परिणाम आएगा

### 20 लाख 33 हजार 296 वोटों की गिनती के लिए सैकड़ो अधिकारी व कर्मचारी तैनात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश में 230 सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव के लिए 3 दिसंबर को होने वाली ईवीएम वोटों की गणना के लिए प्रशासन ने लगभग सभी तैयारियां कर ली गई हैं। जिन विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों और वोटर्स की संख्या ज्यादा है तथा जिन विधानसभा क्षेत्रों में मतगणना में देरी हो सकती है, उन विधानसभा सीटों पर इस बार मतगणना के लिए इस बार ज्यादा टेबल लगाई गई है। मतगणना जल्दी हो, इसलिए जिला निर्वाचन ने व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। पहले सभी विधानसभाओं के लिए 14-14 टेबलें लगाई जा रही थीं, लेकिन 4 विधानसभाओं में टेबलों की संख्या बढ़ाई जा रही हैं। इंदौर दो में 21, पांच में 20, इंदौर एक व सांवेर में 16-16 टेबलों पर गणना होगी। इससे परिणाम जल्दी आएंगे। सबसे पहले इंदौर तीन तो आखिर में राऊ का परिणाम आएगा। जिले की 9 विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए कुल 92 प्रत्याशी मैदान में थे। जिनका भविष्य भी ईवीएम मशीनों में कैद है। जिले के 27 लाख 55 हजार 433 मतदाताओं में से 20 लाख 33 हजार 296 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें 10 लाख 53 हजार 821 पुरुष तथा 9 लाख 79 हजार399 महिला मतदाताओं ने अपने मतों का उपयोग किया। इस तरह इंदौर जिले में 73,79 प्रतिशत मतदान हुआ।

### 750 कर्मचारी करेंगे गणना

मतगणना के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर, मतगणना, पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, रनर सहित कुल 750 अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। सभी को पहचान-पत्र जारी किए गए हैं। उन्हें सुबह 6 बजे गणना स्थल पर पहुंचना होगा। इसे लेकर गुरुवार को दूसरे दौर का प्रशिक्षण दिया गया। इनमें से 150 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी रिजर्व में रहेंगे।

# इंदौर में पहले सीआईआई केंद्र का उद्घाटन

### सीआईआई सर्विसेज का हब बनेगा सीआईआई इंदौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सीआईआई ने आज इंदौर में अपने पहले सीआईआई केंद्र का उद्घाटन किया, जिसमें सीआईआई की राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राज्य स्तरीय लीडरशिप मौजूद रही। यह सीआईआई केंद्र सभी सीआईआई सीओई (सेंटर ऑफ एक्सीलेंसेज) की सेवाएं प्रदान करेगा। भारत में यह अपनी तरह का पहला केंद्र है जिसका उद्घाटन सीआईआई के नेशनल प्रेसिडेंट, श्री आर. दिनेश और सीआईआई के महानिदेशक श्री चंद्रजीत बनर्जी ने किया। इंदौर का सीआईआई केंद्र विश्व स्तरीय प्रथाओं को अपनाने में उद्योग की मदद करेगा और राज्य के 550 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सहायक होगा।

इस अवसर पर सीआईआई के प्रेसिडेंट एवं टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड के चेयरमैन श्री आर. दिनेश के साथ सीआईआई के महानिदेशक श्री चंद्रजीत बनर्जी, सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के चेयरमैन और टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ श्री प्रवीर सिन्हा मौजूद रहे। सुश्री स्वाति सालगांवकर, डिप्टी चेयरपर्सन, सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र और प्रेसिडेंट, वीएम सालगांवकर एंड ब्रदर प्राइवेट लिमिटेड, सुनील चोरडीया, पूर्व अध्यक्ष सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र ने इंदौर में प्रेस और मीडिया के कई सवालों के जवाब दिए। आर. दिनेश ने कहा कि सीआईआई केंद्र एक नई अवधारणा है और क्षेत्र के उद्योग के लिए एक अनूठी पहल है जो उनकी उत्कृष्टता यात्रा का समर्थन करती है। यह विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमों को विश्व स्तरीय परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा और गुणवत्ता, कौशल, सस्टेनेबिलिटी और अन्य क्षेत्रों से संबंधित सर्वोत्तम प्रथाओं, टेक्नोलॉजी और समाधानों तक पहुंच बनाकर मध्य प्रदेश में उद्योग क्षेत्र को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में सक्षम बनाएगा।

### एड्स का इलाज है, जानकारी बचाव है

इंदौर। श्री आरजीपी गुजराती प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट में आज विश्व एड्स दिवस मनाया गया । जिसमें संस्थान के परिसर और आसपास एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के स्लोगन जैसे ह्यएड्स का इलाज है, जानकारी बचाव है ह्यभेदभाव नहीं उपचार, एड्स पीडितों को बांटे प्यार। के नारे लगाए गए। एनएसएस के 50 से 60 स्वयंसेवकों ने इसमें भाग लिया ।अंत में इस रैली को संस्था की निर्देशिका डॉ. रवलीन कौर ने संबोधित करते हुए सभी स्वयंसेवकों को यह संकल्प लेने के लिए कहा कि वह आज के दिन कम से कम पांच लोगों को एड्स के संक्रमण को कैसे रोका जा सकता है बताएंगे। उन्होंने आगे कहा कि एड्स बीमारी फैलने के मुख्यतः तीन कारण है ,असुरक्षित यौन संबंध। रक्त का आदान-प्रदान और माँ से शिशु में संक्रमण। सभी का आभार प्रदर्शन डॉ. सुनिल खत्री ने माना तथा इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान की एनएसएस इकाई ने किया।

# मानक सीमा से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर की जा रही कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वाहनों की जांच का अभियान चल रहा हैं। समय मानक स्तर से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर करवाई की जा रही हैं। अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को जब्त किया जा रहा है। यह कार्रवाई शहर में अलग-अलग चौराहों पर की जा रही है।**

परिवहन विभाग और यातायात विभाग द्वारा मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ मिलकर संयुक्त जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसमें प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की जांच की जा रही हैं। मानक सीमा से ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को जब्त किया जा रहा हैं। वहीं बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे वाहन भी जब्त किए जा रहे हैं। संयुक्त टीम ने रीगल चौराहे पर जांच अभियान चलाया इसमें 50 से अधिक वाहनों की जांच की गई। कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को सही करने की हिदायत दी गई।

### ◆शहर में बढ़ रहा प्रदूषण

विगत कुछ समय से इंदौर शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। इसमें वाहनों से निकलने वाला धुआं भी जिम्मेदार है। इसे देखते हुए परिवहन विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की जांच का अभियान शुरू किया है। यह अभियान रोजाना अलग अलग हिस्सों में चलाया जा रहा है।

# बगैर अनुमति के सभा, धरना, प्रदर्शन, रैली, जुलूस आदि आयोजित नहीं की जा सकेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिले में सुरक्षा लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार बगैर अनुमति के धरना, प्रदर्शन, रैली, जुलूस आदि आयोजित नहीं की जा सकेंगी। साथ ही ध्वनि विस्तार यत्रों के उपयोग की अनुमति भी लेना होगी। आदेश में कहा गया है कि विभिन्न मुद्दों को लेकर विभिन्न संगठनों के प्रदर्शन, धरना, रैली, जुलूस आदि सक्षम अधिकारी से पूवार्नुमति बिना आयोजित नहीं किया जाये। ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग निहित शर्तो के अधीन सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जाये। रैली, जुलूस आदि में किसी प्रकार के अस्त्र, शस्त्र धारण करना और प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। बिना अनुमति पांडाल आदि निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे मोबाइल, कंप्यूटर, पोस्टर एवं अन्य सोशल मीडिया आदि पर विधि विरुद्ध संदेश के प्रसारण अग्रेषण, साप्रदायिक टिप्पणी, 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों को एक स्थान पर एक समय में एकत्रित होने पर प्रतिबन्ध रहेगा। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धारदार या अन्य हथियार, आग्नेय शस्त्र, हॉकी, डण्डा, रॉड इत्यादि लेकर नहीं चलेगा अथवा दुरूपयोग नहीं करेगा और ना ही प्रदर्शन करेगा। किसी भी प्रकार के उत्सव व समारोह में हवाई फायर वर्जित रहेंगे।




### मतगणना दिवस को एजेण्टो और प्रचार कार्यकताओं के लिए ...

# भोजन और जलपान आदि पर किए गए खर्च भी खाते में होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत राजनैतिक पार्टी एवं अभ्यार्थियों द्वारा मतगणना के दिन 03 दिसम्बर 2023 को राजनैतिक गतिविधियों की निगरानी हेतु वीडियो सवेलेंस टीम को निर्देशित किया गया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 के अनुसार नाम निर्देशन की तारीख से परिणाम घोषित होने तक, दोनो तारीखों को सम्मिलित करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी स्वंय या उनके निर्वाचन एजेण्ट द्वारा निर्वाचन के संबंध में सभी व्ययों, चाहे वह उसके द्वारा उपगत या प्राधिकृत किए गए हो या उसके निर्वाचन एजेण्ट द्वारा अलग एवं सही लेखा रखने तथा मतदान/मतगणना दिवस को एजेण्टो और प्रचार कार्यकताओं के लिए भोजन और जलपान आदि पर किए गए खर्च भी खाते में शामिल किये जाने के निर्देश है। उक्त निदेर्शानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 जिला इन्दौर की मतगणना तिथि 03 दिसम्बर 2023 से परिणाम घोषित होने तक राजनैतिक दलो एवं अभ्यर्थियों की गतिविधियों की निगरानी की जायेगी। उपरोक्तानुसार गतिविधियों की निगरानी कार्य हेतु संबंधित वीडियो सवेलेंस टीम एवं वीडियो वीविंग दलों को निर्देशित किया गया है।

# ये नहीं बन सकेंगे मतगणना एजेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की 3 दिसंबर को मतगणना होगी। मतगणना के दिन एजेंट नियुक्त करने के संबंध भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी दिशा-निर्देशानुसार कोई भी ऐसा व्यक्ति, जिसको केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई है, साथ ही केंद्र और राज्य के मंत्री, वर्तमान सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिक निगम के अध्यक्ष, केंद्र तथा राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्ष एवं सदस्य, शासकीय प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्य, आंगनवाड़ी कर्मचारी, शासकीय पैरामेडिकल स्टॉफ, शासकीय संस्था अथवा शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था से मानदेय प्राप्त कर रहे या किसी शासकीय संस्था में अंशकालिक सेवाएं दे रहे व्यक्ति, शासकीय उचित मूल्य दुकानों के डीलर्स और शासकीय सेवक मतगणना के लिए किसी भी अभ्यर्थी के एजेंट नियुक्त नहीं किये जा सकेंगे।

# मतगणना स्थल पर रहेगी कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने पुलिस पूरी तरह तैयार रहेगी। नेहरू स्टेडियम और उसके आसपास पुलिस की थ्री लेयर व्यवस्था रहेगी। इस संबंध में शुक्रवार को पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर ने आदेश जारी किए हैं।**

उन्होंने कहा कि केन्द्र पर किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सुरक्षा के लिए सीपीएमएफ, एसएएफ और जिले का पुलिस बल( करीब एक हजार ) तैनात रहेंगे। इसमें सीपीएमएफ स्ट्रांग रूम, मतगणना टेबल, एसएएफ स्ट्रांग रुम के बाहर तथा पुलिस केन्द्र के आसपास तैनात रहेगी।

### यह भी दिए निर्देश

- हारे हुए प्रत्याशी के घर, गली में विजयी जुलूस नहीं निकाला जाए।
- बिना स्वीकृति के विजयी जुलूस, रैली नहीं निकाली जाए।
- धारा 144 लागू की गई है।
- मतगणना स्थल पर फोटो, वीडियोग्राफी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।
- 100 मीटर के दायरे में आमजन मोबाइल, केलकुलेटर, सेल्युलर फोन, कार्डलेस, वायरलेस सेट नहीं ले जा सकेगा।
- ध्वनि विस्तारक यंत्रों का पालन शर्त अनुसार किया जाए।
- बिना अनुमति पांडाल नहीं लगाए जाएंगे।
- विजयी जुलूस में निगेटिव रिक्शन नहीं किया जाए।

## मतगणना में परेशान नहीं होंगे वाहन चालक

### जनसुविधा के लिए यातायात पुलिस ने तैयार किया प्लान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान नेहरू स्टेडियम के आसपास वाले मार्गो पर यातायात का दबाव रहेगा। इस परिपेक्ष्य में जनसुविधा के लिए यातायात पुलिस ने यातायात व्यवस्था में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया है। यह परिवर्तन 3 दिसंबर को प्रातः 6 बजे से मतगणना समाप्ति तक प्रभावशाली रहेगा। वहीं, अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

### ये रहेगी नई व्यवस्था

- मतगणना के दौरान निम्न स्थानों पर आमजन का प्रवेश पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा।
- होमगार्ड स्टेच्यू से मेडिकल होस्टल चौराहा, जिमखाना से रेसीडेंसी तिराहा तक।
- लोकसेवा आयोग चौराहा से पानी की टंकी, रेडियो कॉलोनी से मुस्ताक अली चौराहा से जीपीओ चौराहा तक प्रतिबंध।
- आजाद नगर जेल तिराहा से पानी की टंकी, शिवाजी वाटिका पिपलेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित चौराहा से होमगार्ड टी तक प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- नेहरू स्टेडियम एनसीसी गेट से सांवेर, देपालपुर, इंदौर 3 एवं इंदौर 4 के मतगणना अभिकर्ता, प्रतिनिधि एवं मुस्ताक अली गेट से राऊ, महू, इंदौर 1 इंदौर 2 एवं इंदौर 5 के मतगणनाअभिकर्ता, प्रतिनिधि की एंट्री होगी।
- समस्त अभिकर्ता एवं प्रतिनिधिगणों की पार्किंग जिमखाना ग्राउंड एवं बंगला नम्बर 4 पर रहेगी।
- मीडिया एवं पत्रकारगणों की पार्किंग एसबीआई बैंक कैंपस में रहेगी।
- मतगणना में लगे अधिकारी,कर्मचारियों की एंट्री नेहरू स्टेडियम गेट नम्बर 3 से रहेगी।
- वाहनों की पार्किंग शिवाजी वाटिका प्रतिमा से एसबीआई बैंक तिराहा के मध्य स्थित सर्विस रोड पर रहेगी।
- यातायात दबाव को देखते हुए डायवर्सन प्लान समय के पूर्व भी लागू किया जा सकता है।
- किसी भी स्थिति में आपातकालीन वाहन नहीं रोके जाएंगे जैसे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस की गाड़ी इत्यादि।

# बचपन का दोस्त बनकर लगाई चपत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मैं तुम्हारे बचपन का दोस्त बोल रहा हूं, मुझे पहचाना, मेरी आवाज समझ नहीं आ रही, कहते हुए ठगों ने आनलाइन फ्राड किया। शहर के 5 आवेदकों से पौने सात लाख रुपए ऐंठ लिए थे। शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने सभी आवेदकों के पैसे वापस कराए। क्राइम ब्रांच के सायबर हेल्पलाइन पोर्टल पर सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन फ्रॉड संबंधित शिकायतें मिलती है। इसी क्रम में प्रॉपर्टी का कार्य करने वाले आवेदक चंद्रकांत निवासी महू को ठग ने काल किया। ठग ने कहा कि पहचाना मुझे, मेरी आवाज से पहचानो, तुम्हारा बचपन मित्र बोल रहा हूं तो आवेदक ने परिचित मित्र का नाम बोला, जिसका फायदा उठाकर ठग ने वही मित्र बनकर पेमेंट भेजने को कहा। फरियादी के झांसे में आने के बाद ठग ने बोलकर फोनपे वॉलेट अकाउंट से पेमेंट प्रोसेस कराते हुए 1,98,000 रुपए ट्रांसफर करा लिए।

### यह आए मामले

जियो कंपनी में इंजीनियर की जॉब करने वाले आवेदक अमरनाथ को ठग ने आईसीआईसीआई बैंक का फर्जी अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम से झूठ बोला। आवेदक के मोबाइल पर बैंक सॉफ्टवेयर बताकर रिमोट एक्सेस एपीके सॉफ्टवेयर इंस्टाल कराकर मोबाइल को रिमोटली एक्सेस कर बैंकिंग लेने के बाद 1,20,000 रुपए निकाल लिए।

सीनियर सिटीजन आवेदक रघुनंदन के मोबाइल पर बिजली बिल अपडेट करने अन्यथा कनेक्शन काटने के संबंध में फर्जी मैसेज ठग ने भेजा। मैसेज में ठग ने संपर्क नंबर दिया था, जिस पर आवेदक ने कॉल किया। ठग ने आवेदक के मोबाइल पर जोहो एसीस्ट एप डाउनलोड कराते हुए उसके बैंक अकाउंट की जानकारी लेकर डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए।

व्यापारी आवेदक राजकुमार ने कपूर, अगरबत्ती, मोमबत्ती के रॉ मटेरियल खरीदने के लिए फेसबुक पर पोस्ट देखा। पोस्ट में दिए संपर्क नंबर पर कॉल करने पर उसे ठग ने उठाया। ठग ने फरियादी को सस्ते दाम में रॉ मटेरियल देने का झूठा वादा कर डील फाइनल की 1,30,500 रुपए एडवांस पेमेंट मांगा। आवेदक ने कोटक बैंक खाते से आईएमपीएस के माध्यम से एडवांस पेमेंट कर दिया।

कारपेंटर आवेदक चेतन को ठग ने रिश्तेदार बताकर आवेदक के खाते से 72,000 रुपए ट्रांसफर करा लिए।

### अब तक पौने चार करोड़ रुपए वापस कराए

क्राइम ब्रांच ने अन्य तरीके के अपराधों पर कार्रवाई के साथ साइबर फ्राड के मामले में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। इसके अंतर्गत एक जनवरी 2023 से 30 नवंबर तक 11 माह में 50 से अधिक आवेदकों के 3 करोड़ 80 लाख रुपए रिफंड कराए हैं।

# दंपति के साथ हुई लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में अपराध नियंत्रण हेतु चोरी, नकबजनी, लूट, मोबाइल स्नैचिंग आदि संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इनमें संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं । उक्त निर्देशों के अनुक्रम में कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना अन्नपूर्णा द्वारा एक लूट की घटना का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ा गया है।**

पुलिस थाना अन्नपूर्णा पर फरियादिया ने रिपोर्ट किया कि, वह 1/10/2023 को अपने पति के साथ खाना खाकर स्कूटी से अपने घर जा रही थी तभी दशहरा मैदान के पास दो अज्ञात बदमाशो पीछे से स्कूटी से आए और पर्स छीन कर भाग गए। पर्स में मोबाईल फोन, डॉक्यूमेंट और नगदी थे। पुलिस ने विवेचना के दौरान घटना स्थल के आसपास लगे करीब एक दर्जन सीसीटीव्ही कैमरा चैक किए गये जिनसे प्राप्त फुटेज को मुखबीरो को दिखाकर मुखबीर मामूर किए गये थे । इसी दौरान दिनांक 30/11/2023 को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लूट की घटना कारित करने वाले करने वाले बदमाशों के हुलिये के दो संदिग्ध व्यक्ति घुम रहे है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को घेरबंदी कर पकडा जिन्होंने पूछताछ पर नाम करण निगवाल निवासी वंदना नगर इंदौर संदीप वर्मा निवासी पिपलियाना इंदौर का होना बताया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा हुआ मोबाईल फोन व घटना में प्रयुक्त वहां स्कूटी जप्त की गई है । पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य वारदातों आदि के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

# सीमेंट से भरा ट्रक पलटा

### ◆ स्कूल बस को बचाने में हुआ हादसा

**इंदौर। समीपस्थ पीथमपुर थाना सेक्टर1 में शुक्रवार को ग्राम धन्नड़ के पास कपिला चौराहे पर एक सडक़ हादसा हो गया। स्कूल बस को बचाने के चक्कर में सीमेंट से भरा ट्रक पुलिया में जा घुसा। हादसे में ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर को मामूली चोट आई है।**

दुर्घटना के बाद ट्रक में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। गनीमत रही आग ज्यादा नहीं फैली। दमकल की गाड़ी पहुंचने से पूर्व ही आग बुझ चुकी थी। हादसे में कोई जन-हानि नहीं हुई है। सडक़ दुर्घटना के बाद कुछ देर के लि राऊ पीथमपुर हाईवे पर जाम जैसी स्थिति बन गई।

मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड अधिकारी ने बताया कि सडक़ हादसे की हमें सूचना मिली थी कि सीमेंट के ट्रक में आग लग गई है। हम तुरंत मौके पर पहुंच गए। लेकिन आग उससे पूर्व ही बुझ चुकी थी। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में जुट गई। हादसे में सीमेंट से भरा ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

# महिला की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में चौकीदारी करने वाली एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। रात में उसका पति उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये रखवाया है। पुलिस के मुताबिक अनोखीबाई सेन निवासी केलोद करताल को उसका पति दिनेश लाल सेन गुरुवार रात एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां चेकअप के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला और उसका पति कैलोद करताल के एक गार्डन में चौकीदारी का काम करते हैं।

पूछताछ में पति ने बताया कि दोनों ने रात में

# शादी का झांसा देकर रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तेजाजी नगर में एक स्टूडेंट के साथ रेप का मामला सामने आया है। पढ़ाई के दौरान आरोपी ने पहचान कर पीडिता के साथ दोस्ती की ओर संबध बनाए। पुलिस ने रेप ओर छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक 25 साल की युवती की शिकायत पर रविकांत निवासी टाईम्स स्केअर ब्लॉक सी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीडिता के मुताबिक जनवरी 2021 से उसकी रविकांत से पहचान हुई। वह पढ़ाई के सिलसिले में एक दूसरे से बात करने लगे। इसके बाद पीडिता से दोस्ती कर रविकांत उसे घुमाने फिराने लगा। उसने पीडिता से कहा कि वह उसे पंसद करता है। शादी करना चाहता है। रविकांत ने इस दौरान उसके साथ कुछ फोटो भी लेकर अपने मोबाइल में रखे। बाद में रविकांत ने युवती के साथ संबध बनाए। वही शादी की बात से इंकार करने लगा। आरोपी रविकांत ने युवती से कहा कि उसके मुताबिक काम करना पड़ेगा। जिसमें फोटो वायरल करने की धमकी देकर पीडिता से रुपए भी वसूले। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## लूट में आरोपी पकड़ाए तो मामला निकला कुछ और

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। विजय नगर थाना क्षेत्र में बुधवार रात लूट की घटना हो गई। पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश में जुटी रही। शाम को आरोपित पकड़े तो मामला कुछ और ही निकला। जिस व्यक्ति के साथ घटना हुई वह समलैंगिक निकला। आरोपित उसके साथ संबंध बनाना चाहते थे। एडिशनल डीसीपी जोन-2 अमरेंद्रसिंह के मुताबिक कलाली मोहल्ला निवासी युवक ने 800 रुपये और फोन लूटने की रिपोर्ट लिखवाई थी। उसने कहा कि एक आरोपित लिफ्ट लेकर बैठा और दो साथियों को बुलाकर लूट लिया। विरोध करने पर चाकू भी मार दिए। पुलिस ने फुटेज के आधार पर नाबालिग को पकड़ा तो बताया युवक (घायल) ने लिफ्ट दी थी। रामनगर में शासकीय स्कूल के पास रुके। संबंध बनाने के बाद दो दोस्तों को बुलाया और संबंध बनाने का प्रस्ताव दिया। विरोध करने पर साथियों ने चाकू मार दिया। पुलिस के मुताबिक मामले में नाबालिग सहित विशाल और राज को गिरफ्तार किया है।

# रिजल्ट से पहले नड्डा के आने से चढ़ा सियासी पारा

## ग्वालियर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और शिवराज

### दतिया की पीताम्बर माई के दर्शन कर अनुष्ठान करेंगे, मुख्यमंत्री ने किया पौधारोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शुक्रवार दोपहर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्र पहुंचे। वे ग्वालियर एयरपोर्ट पर पहुंचे और वहां से ऊषा किरण पैलेस में गए। यहां एक गुप्त बैठक लेने के बाद शाम पौने चार बजे सड़क मार्ग से ग्वालियर शहर होते हुए दतिया के लिए रवाना हुए हैं। दतिया में यह पीताम्बरा माई के दरबार में अनुष्ठान में शामिल होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद थे।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की मतगणना रविवार (3 दिसंबर) को होने जा रही है। अब से सिर्फ 48 घंटे ही मतगणना और प्रदेश में सरकार की स्थिति साफ होने के लिए बचे हैं। ऐसे में शुक्रवार अचानक बने कार्यक्रम के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिय, गृहमंत्री मध्य प्रदेश नरोत्तम मिश्र दोपहर 12 बजे एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे हैं। यहां से इन सभी का दतिया जाने का कार्यक्रम पता लगा है। एयरपोर्ट से ग्वालियर शहर में ऊषा किरण पैलेस में यह जाएंगे, जहां से शाम को 4 बजे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम शिवराज सहित अन्य नेताओं के सड़क मार्ग से दतिया जाने का कार्यक्रम है। वहां शक्ति पीठ पीताम्बरा माई के दर्शन कर अनुष्ठान में शामिल होंगे। प्रदेश में प्रचंड जीत के लिए यह अनुष्ठान किया जा रहा है।

### चढ़ा सियासी पारा

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के परिणाम 3 दिसंबर को सार्वजनिक होने हैं, लेकिन उससे 48 घंटे 1 दिसंबर को ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के ग्वालियर आने से सियासी पारा चढ़ गया है। होटल ऊषा किरण पैलेस में ग्वालियर-चंबल अंचल के शीर्ष नेतृत्व के साथ गुप्त बैठक में क्या चर्चा हुई है इसको लेकर कयास जारी है। ग्वालियर-चंबल की एक-एक सीट का हाल भी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जाना है। अब शाम को वह पीताम्बरा माई के दर्शन करेंगे और वापस ग्वालियर आकर विश्राम करेंगे।

# कंटेनर से टकराई जीप, 11 मजदूर घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर। किलर हाइवे के नाम से कुख्यात इंदौर-इच्छापुर नेशनल हाइवे की सड़क शुक्रवार सुबह फिर मजदूरों के खून से लाल हो गई। सुबह करीब नौ बजे शहर से लगे झिरी गांव के पास ओवरटेक करने के प्रयास में मजदूरों से भरी तूफान जीप सामने से आ रहे कंटेनर से टकरा कर सड़क किनारे पलट गई।**

इस जीप में सुक्ता गांव के 17 मजदूर सवार थे। वे मजदूरी के लिए बुरहानपुर आ रहे थे। इनमें से 11 मजदूरों को चोट आई है। दुर्घटना के बाद उन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से कुछ को गंभीर चोट आई है। सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में मजदूरों के स्वजन भी अस्पताल पहुंच गए थे। उल्लेखनीय है कि नेशनल हाइवे के इस स्थान में अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। बावजूद इसके अब तक इन्हें रोकने के लिए एनएचएआइ विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं।

### ये मजदूर हुए घायल

दुर्घटना में जो मजदूर घायल हुए हैं, उनमें शरीफ पुत्र सईद, मुकेश पुत्र टुकड्, रूपेश पुत्र टुकड्, चुन्नीलाल पुत्र धन्नालाल, जितेंद्र पुत्र सुभान, मुकेश पुत्र निर्भय, चैन सिंह पुत्र रतन सिंह, कालू पुत्र दिलावर, सुनील पुत्र ईश्वर, नंदू पुत्र रामसिंह, मानसिंह पुत्र बाबू सिंह शामिल हैं।

# युवक ने थाने के सामने खुद का गला काटा

### इलाज के दौरान मौत; असम के डिब्रूगढ़ का रहने वाला था

**आलोट। रतलाम के ताल में एक युवक ने गला काटकर खुदकुशी कर ली। घटना का वीडियो सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिसने बुरी तरह जख्मी युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।**

ताल थाना प्रभारी पृथ्वीराज खल्लाटे ने युवक की पहचान असम में डिब्रूगढ़ निवासी जोसफ उर्फ जॉन के रूप में की है। खल्लाटे ने कहा, ह्नजोसफ मंगलवार को तीन साथियों के साथ मजदूरी करने के लिए ट्रेन से गुजरात के अहमदाबाद के लिए निकला था। उसने बीच रास्ते में साथियों से कहा कि वह अहमदाबाद नहीं जाना चाहता है। साथियों ने उसे समझाया। जॉन नहीं माना और आलोट स्टेशन पर उतर गया। यहां से वह ताल थाने पहुंचा। थाने में उसने आरक्षक से असम जाने के बारे में पूछताछ की। आरक्षक ने उसे समझाकर भेज दिया। उन्होंने बताया, ह्नकुछ ही देर में थाने से थोड़ी दूर बने ढाबे का मालिक नरेंद्र दौड़ता हुआ आया। उसने बताया कि जोसफ ने ढाबे के सामने धारदार हथियार से खुद का गला काट लिया है। वहीं, उपनिरीक्षक अय्यूब खान ने बताया कि जोसफ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उसके परिवार के बारे में जानकारी निकाली जा रही है।

# पटवारी हत्याकांड में अधिकारी आमने-सामने

### ◆ कलेक्टर बोलीं- तहसीलदार ने पुलिस क्यों नहीं बुलाई, तहसीलदार ने कहा- कलेक्टर के आदेश पर ही गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल। शहडोल जिले के ब्योहारी में रेत के अवैध खनन को रोकने गए पटवारी प्रसन्न सिंह बघेल की हत्या के मामले में प्रशासनिक अधिकारी आमने-सामने आ गए हैं। तहसीलदार दिलीप शर्मा बोल रहे हैं कि एसडीएम और कलेक्टर के आदेश के बाद ही पटवारियों को कार्रवाई के लिए भेजा था।**

इसके उलट, कलेक्टर वंदना वैद्य का कहना है, ह्नतहसीलदार और एसडीएम को टीम बनाने के लिए कहा गया था। उन्होंने ही पटवारियों की टीम बनाई थी। कलेक्टर वैद्य का ये भी कहना है कि पटवारियों को निगरानी के लिए कहा था, न कि एक्शन लेने के लिए।

बता दें, 25-26 नवंबर की दरमियानी रात सोन नदी के किनारे चल रहे अवैध रेत खनन को रोकने गए पटवारी प्रसन्न सिंह की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। उनके परिजन ने सवाल उठाए हैं कि बिना सुरक्षा के पटवारियों को कार्रवाई के लिए क्यों भेजा गया? उन्होंने बघेल की मौत के लिए तहसीलदार और आला अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है।

इन आरोपों के बाद अधिकारियों से मामले को लेकर सवाल पूछे। सभी अधिकारी एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

### तहसीलदार बोले- मुझसे नहीं, कलेक्टर-एसडीएम से पूछिए

पटवारी प्रसन्न सिंह की हत्या के लिए तहसीलदार दिलीप शर्मा को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। उन्होंने ही अवैध रेत खनन को रोकने के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाई थी। प्रसन्न सिंह की बेटी दीया सिंह ने भी भास्कर से बातचीत में तहसीलदार की भूमिका पर सवाल उठाए थे।

इन सभी आरोपों का जवाब जानने जब टीम शर्मा से मिली तो उन्होंने कहा, ह्नअवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई कलेक्टर और एसडीएम के आदेश पर की जा रही थी। तहसीलदार से ये पूछने पर कि सारे आरोप आप पर ही लग रहे हैं, उन्होंने झल्लाकर कहा- हमसे क्या पूछ रहे हैं, कलेक्टर और एसडीएम से पूछिए।

दिलीप शर्मा ने ये भी कहा कि उस रात एसडीएम के आदेश के बाद हम सभी लोग सोन नदी पर पहुंचे थे। जब उनसे पलटकर सवाल पूछा कि क्या आप मौके पर मौजूद थे? इस सवाल का तहसीलदार दिलीप शर्मा ने कोई जवाब नहीं दिया। वे यह दोहराते रहे कि जितना कलेक्टर ने कह दिया है, बस उतना ही सच है।

# बारिश में भीगा एक हजार क्विंटल कपास

### व्यापारियों को हुआ लाखों का नुकसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर। बेमौसम बारिश के चलते शनवारा स्थित जिनिंग फैक्ट्री में कपास भीगने से खराब हो गई। व्यापारियों ने किसानों से एक हजार क्विंटल कपास खरीदी थी। अचानक मौसम में आए बदलाव के चलते दो दिनों से बारिश होने से परिसर में रखी कपास पानी से पूरी तरह भीग गई है, जिसके कारण कपास खराब होने से व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।**

गौरतलब है कि जिले में रविवार से मौसम का मिजाज बदला हुआ है इसके कारण समय पर कभी रुक-रुक कर तो कभी तेज बारिश हो रही है। शुक्रवार सुबह से शहर में रिमझिम बारिश हुई थी और तेज हवाएं भी चली थी।

### ◆ पहले भी मंडी में भीगी थी उपज

इससे पहले भी मंडी में व्यापारियों की उपज गीली हुई थी। दरअसल रेणुका माता स्थित मंडी में उपज खरीदने के बाद अधिकांश व्यापारी यहां अपना माल रखते हैं, लेकिन सोमवार, मंगलवार को बारिश में यहां भी उपज गीली होने से नुकसान हुआ था।

# बुजुर्ग के ऊपर से गुजर गई मालगाड़ी

### खरोंच तक नहीं आई, सुसाइड करने पहुंचा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** गुना में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग सुसाइड करने रेलवे स्टेशन पर पहुंचा और पटरी पर लेट गया। इसके कुछ देर बाद ही मालगाड़ी उसके ऊपर से गुजरने लगी। वहां मौजूद स्टाफ का ध्यान उस पर गया। स्टेशन पर चीख पुकार मच गई। लोगों ने उसका वीडियो बना लिया। मालगाड़ी पूरी गुजर गई। बुजुर्ग को खरोंच तक नहीं आई। घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे की है। रेलवे से जुड़े सूत्र ने बताया, बुजुर्ग स्टेशन के पास ही रहता है। उसके परिवार में कोई नहीं है। अकेलेपन से परेशान होकर वह स्टेशन पर सुसाइड करने पहुंचा था। उसने अपना सिर और पैर एंगल से नीचे रखा था। वह पटरी के बीच वाले भाग में सीधा लेटा था, इसलिए उसकी जान बच गई। मालगाड़ी निकल जाने के बाद पुलिस ने बुजुर्ग को डांट-फटकार कर मौके से भगा दिया।

# तेज रफ्तार कार पलटी, बैंककर्मी समेत दो की मौत

### ◆ मां का जन्मदिन मनाकर इंदौर लौट रहा था; दो दोस्त गंभीर घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात कार पलटने से बैंककर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई। दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में जान गंवाने वाला बैंककर्मी अपनी मां का जन्मदिन मनाने इंदौर से रेहटी (सीहोर) आया था। रात को लौटते समय हादसा हो गया।**

एमपी नगर पुलिस ने जेपी हॉस्पिटल के कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर की सूचना पर मर्ग दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मूलतः रेहटी (सीहोर) का रहने वाला रिदम गुप्ता इंदौर में एक निजी बैंक में जॉब करता था। उसके मामा सुनील ने बताया कि गुरुवार को रिदम की मां का बर्थ डे था। वह मां का जन्मदिन मनाने अपने चार दोस्तों के साथ रेहटी गया था।

रिदम, अभिराज सिंह और दो अन्य दोस्तों के साथ देर रात करीब 1.30 बजे रेहटी से इंदौर के लिए रवाना हुआ था। भोपाल में सभी न्यू मार्केट से बोर्ड ऑफिस की ओर जा रहे थे, तभी शिवाजी नगर चौराहा पर कार उछलकर पलट गई। हादसे में रिदम गुप्ता (26) और अभिराज सिंह (24) की मौत हो गई। कार की रफ्तार बहुत तेज थी। पुलिस ने कार से बीयर की 6 भरी बॉटल और इतनी ही खाली बॉटल बरामद की हैं।

New Delhi

# मौसम विभाग की चेतावनी! 5 दिसंबर से होगी भारी बारिश, आ रहा है भयंकर तूफान

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि बंगाल की दक्षिण-पश्चिमी खाड़ी के ऊपर दबाव का क्षेत्र तेज हो गया है। यह पिछले छह घंटों में 9 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। 1 दिसंबर को रात 11 बजे तक अवसाद के केंद्र की पहचान पुडुचेरी से लगभग 630 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व में की गई थी।**

आईएमडी की नई चेतावनी के मुताबिक, इस प्रणाली के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते रहने की उम्मीद है। यह अगले 12 घंटों के भीतर एक गहरे दबाव में बदल जाएगा और 3 दिसंबर तक बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान 'माइचौंग' में विकसित हो जाएगा।



यह चक्रवात 4 दिसंबर की सुबह तक दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तटों के आसपास पहुंच जाएगा। इसके लगभग उत्तर की ओर बढ़ने का अनुमान है। 5 दिसंबर की दोपहर तक नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच भारी बारिश का अनुमान है। चक्रवाती तूफान की अधिकतम गति 80-90 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने की उम्मीद है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को 12 जिला प्रशासन प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अगले 2-3 दिनों में तमिलनाडु के विभिन्न जिलों में भारी बारिश की संभावना पर चर्चा की गई। स्टालिन ने उचित दिशानिर्देश जारी किए और सभी संबंधित अधिकारियों को एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया है। कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (एनसीएमसी) ने शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी में आने वाले चक्रवात 'माइचौंग' के लिए राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की तैयारियों की समीक्षा की।

Rajasthan

## सट्टा बाजार में राजस्थान में BJP को स्पष्ट बहुमत, कांग्रेस का कैसा हाल, किन-किन की कुर्सी खतरे में?

**जयपुर, (एजेंसी) राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए वोटों की गिनती में अब बस एक दिन शेष रह गया है और दोनों ही दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। हालांकि, दावे और एग्जिट पोल अनुमान भले ही कुछ भी हों, लेकिन राज्य के सबसे बड़े फलोदी सट्टा बाजार के रुझानों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पूर्ण बहुमत मिलने का संकेत मिल रहा है।**

सटोरिये भाजपा की जीत को लेकर ज्यादा आश्वस्त दिख रहे हैं और भगवा पार्टी को 115 से ऊपर और कांग्रेस को अधिकतम 70 सीटें दे रहे हैं। सट्टेबाजों ने कि सट्टा रुझान भले ही जमीन पर स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं कर सकता है, लेकिन फिलहाल बीजेपी पसंदीदा है। द टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, एक सट्टेबाज ने बताया, ''भाजपा के 117 सीटें जीतने के अनुमान पर सट्टा लगाने वालों को एक रुपये से लेकर 25 पैसे तक का भाव ऑफर किया जा रहा है। इसी तरह, कांग्रेस के 70 से ज्यादा सीटें नहीं जीतने पर दांव लगाने वालों के लिए 1 रुपये 25 पैसे से लेकर एक रुपये तक का ऑफर दिया जा रहा है।'' सट्टा बाजार के मुताबिक, कई कैबिनेट मंत्रियों समेत दोनों पार्टियों के कई प्रमुख नेताओं की किस्मत इस बार खतरे में है। सट्टेबाजों ने कुछ मंत्रियों की हार की भविष्यवाणी की है। अनुमान के मुताबिक, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट अपनी-अपनी सीटें जीत रहे हैं। बागियों के खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण दोनों पार्टियों के कई प्रमुख नेताओं की किस्मत फंसी हुई है। इनमें प्रमुख हैं भाजपा के बालकनाथ (तिजारा) और नरपत सिंह राजवी (चित्तौड़गढ़) और कांग्रेस के बी.डी. कल्ला (बीकानेर पश्चिम) और हरीश चौधरी (बायतु)। शियो (बाड़मेर) में बीजेपी के बागी रवींद्र सिंह भाटी और बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी की बागी प्रियंका चौधरी की स्थिति मजबूत बताई जा रही है।

Tamilnadu

## तमिलनाडु पुलिस ने 8 KM कार का पीछा कर 20 लाख की घूस लेने वाले ED अफसर को किया अरेस्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** तमिलनाडु में एक सरकारी अधिकारी से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है. आरोपी का नाम अंकित तिवारी बताया जा रहा है.

तमिलनाडु पुलिस ने डिंडीगुल-मदुरई हाईवे पर तिवारी की कार का आठ किलोमीटर तक पीछा कर उसे गिरफ्तार किया. आरोपी को 15 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. इस गिरफ्तारी के बाद डिंडीगुल में उसके घर पर छापेमारी की. सूत्रों का कहना है कि इस मामले की जांच से पता चलता है कि इस केस में मदुरई और चेन्नई से ईडी के कई अधिकारी शामिल हैं. तिवारी कई लोगों को ब्लैकमेल कर उनसे करोड़ों की उगाही कर रहा था. इतना ही नहीं वह रिश्वत की इस रकम को अन्य ईडी अधिकारियों में भी बांटता था. अंकित तिवारी ने 29 अक्टूबर को डिंडीगुल के एक सरकारी कर्मचारी से उसके खिलाफ दर्ज एक मामले में संपर्क किया था. हालांकि, वह मामला बंद हो चुका था. तिवीर ने कर्मचारी को बताया कि पीएमओ ने ईडी से इस मामले की जांच दोबारा शुरू करने को कहा है.

खेल

## भारत ने चौथे टी20 में ऑस्ट्रेलिया को 20 रन से हराया, किया सीरीज पर कब्जा

नई दिल्ली। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए चौथे मुकाबले में 20 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैच की टी20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने शुक्रवार को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट पर 174 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी। भारत के लिए अक्षर पटेल ने तीन और दीपक चाहर ने 2 विकेट लिया।




175 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही। ट्रेविस हेड और जोश फिलिपे ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई। जोश 7 गेंद में 8 रन बनाकर क्लीन बोल्ड हुए। कुछ देर बाद ट्रेविस हेड भी पवेलियन लौटे। हेड ने 16 गेंद में 31 रन बनाए। एरोन हार्डी को अक्षर ने क्लीन बोल्ड किया। बेन 19 रन ही बना सके। टिम डेविड ने 20 गेंद में 19 रन बनाए। मैथ्यू शॉर्ट 19 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान मैथ्यू वेड 23 गेंद में 36 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी ओवर में जीत के लिए 31 रन चाहिए थे लेकिन टीम 10 रन ही बना सकी।

इससे पहले भारत को यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ ने अच्छी शुरुआत दिलाई। पहले तीन ओवर सिर्फ यशस्वी ने खेले। भारत ने शुरुआत 6 ओवर में एक विकेट खोकर 50 रन बनाए। यशस्वी 28 गेंद में 37 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस कमाल नहीं दिखा सके और 8 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान सूर्यकुमार यादव एक रन ही बना सके। ऋतुराज 28 गेंद में 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद जितेश और रिंकू ने पारी को संभाला। जितेश 19 गेंद में 35 रन की दमदार पारी खेलकर आउट हुए। रिंकू सिंह ने 29 गेंद में 46 रन की पारी खेली।

सिनेमा

## Animal : रणबीर कपूर और तृप्ति डिमरी का न्यूड वीडियो वायरल, एनिमल के रोमांटिक क्लिप ने मचाया तहलका



फिल्म एनिमल ने बीते दिन सिनेमाघरों में दस्तक दी और बंपर कमाई की है। फैन्स फिल्म की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं और खूब तारीफ कर रहे हैं। फिल्म के कई फोटोज-वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए, लेकिन अब तृप्ति डिमरी और रणबीर कपूर का क्लिप तेजी से शेयर किया जा रहा है। वीडियो में रणबीर-तृप्ति रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर फिल्म एनिमल का एक क्लिप तेजी से शेयर किया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि रणबीर कपूर, एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी के साथ रोमांस करते दिख रहे हैं। वीडियो के आखिर में तृप्ति, सिनेमैटिकली न्यूड नजर आ रही हैं। तृप्ति और रणबीर के इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स के मिक्स रिएक्शन्स देखने को मिल रहे हैं। कुछ जहां तारीफ कर रहे, तो वहीं कुछ इसे नापसंद कर रहे। एनिमल ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की है और तूफान लाने का काम किया है। सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन कुल 61 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म ने सिर्फ हिंदी में 50.5 करोड़ रुपये, तेलुगू में 10 करोड़ रुपये, तमिलनाडु में 0.4 करोड़ रुपय, कर्नाटक में 0.09 करोड़ रुपये और मलयालम में 0.01 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

## संपादकीय

# कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने की पहल क्यों नहीं करते...

भारत के अलावा भी विकासशील देशों ने अपनी सीमा में इस जलवायु संकट या बढ़ते तापमान की समस्या पर योगदान दिया है, ताकि इस वैश्विक चिंता से निपटने में मदद मिल सके। हालांकि यह समझना मुश्किल है कि बढ़ते तापमान को एक सबसे बड़े संकट के रूप में पेश करने वाले विकसित देश अपने यहां कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने या कम करने को लेकर ईमानदार पहल क्यों नहीं करते। समूची धरती पर जलवायु संकट जिस स्तर तक गहरा हो चुका है, उसमें मुख्य रूप से विकसित देशों की जिम्मेदारी रही है। इसके बावजूद इस मसले पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हर बैठक या सम्मेलन में तीसरी दुनिया के या विकासशील देशों ने समस्या के समाधान को लेकर अपेक्षित गंभीरता दिखाई है, उसमें अपनी ओर से हर संभव योगदान किया है। इसी को इंगित करते हुए प्रधानमंत्री ने विकास देशों को अपेक्षित जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी संबंधी हस्तांतरण सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस पर गौर किया जाना चाहिए कि इन देशों ने जलवायु संकट बढ़ाने में कोई योगदान नहीं किया है, इसके बावजूद वे इसके समाधान का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। दरअसल, सीओपी28 में भाग लेने दुबई गए प्रधानमंत्री ने एक तरह से जलवायु संकट पर विकासशील देशों के सामूहिक रुख को प्रतिनिधि स्वर दिया है। सच यह है कि बढ़ते तापमान और उसकी वजह से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्या के पीछे विकसित देशों की ही भूमिका ज्यादा है। खासकर कार्बन डाईआक्साइड के उत्सर्जन को लेकर दुनिया भर में विशेष उपायों को अपनाने या लागू करने पर जोर दिया जाता है। इस समस्या के बढ़ने में अपनी बहुत बड़ी जिम्मेदारी न होने के बावजूद कार्बन उत्सर्जन कम करने को लेकर जब भी कोई मानक तय किया गया, उस पर अमल के लिए विकासशील देशों ने अपनी ओर से हर संभव उपाय किए, सरोकार जताया, जबकि विकसित देशों ने अलग-अलग कारण बता कर इसमें भागीदारी निभाने को लेकर टालमटोल ही किया। कई बार ऐसे मौके आए जब विकासशील देशों को आर्थिक सहायता मुहैया कराने के मामले में पर्यावरण असंतुलन को कसौटी बनाया गया। इसे रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने भी कहा कि जलवायु वित्तपोषण पर प्रगति इस मसले पर जरूरी कार्रवाई पर बढ़ती महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप दिखनी चाहिए।

# राजा और मछुआरे



**राजा ने तुरंत दास को आदेश देकर मछुआरे को बुलवाया और कहा, “सुनो, आज तुम मेरे लिए तालाब की सबसे बड़ी मछली पकड़कर लेकर आओ। मेरा मछली खाने का बहुत मन हो रहा है।” राजा के आदेश के बाद मछुआरा मछली पकड़ने के लिए तालाब की ओर चल पड़ा। राजा भी दबे पावं उसके पीछे-पीछे चल पड़ें।**

बहुत साल पहले अंग देश में एक राजा राज करते थे। उस राजा के पास एक बेहद खूबसूरत तालाब था, जिसमें कई सारी मछलियां हुआ करती थी। उन मछलियों की देखभाल के लिए राजा ने एक मछुआरे को काम पर रखा था। उस मछुआरे का स्वभाव बहुत अच्छा था। वह राजा की सभी आज्ञा का पालन करता था।

राजा को जब भी मछली खाने का मन करता था वह उसी मछुआरे को कहकर अपनी पसंद की मछली मंगवाते थे। मछुआरा हर बार उनके लिए बेहद स्वादिष्ट मछली लेकर आता था। एक दिन राजा के मन में यह सवाल आया कि भला हर बार यह इतनी स्वादिष्ट और बढ़िया मछली कैसे पकड़ सकता है।

तभी एक दिन राजा को अपने गुप्तचरों से पता चलता है कि मछुआरे को तो मछली पकड़नी आती ही नहीं, लेकिन फिर भी वह राजा के लिए मछली लेकर आता था। एक दिन राजा ने सोचा कि क्यों न इसकी जांच की जाए कि मछुआरा मछली कैसे पकड़ता है।

राजा ने तुरंत दास को आदेश देकर मछुआरे को बुलवाया और कहा, “सुनो, आज तुम मेरे लिए तालाब की सबसे बड़ी मछली पकड़कर लेकर आओ। मेरा मछली खाने का बहुत मन हो रहा है।” राजा के आदेश के बाद मछुआरा मछली पकड़ने के लिए तालाब की ओर चल पड़ा। राजा भी दबे पावं उसके पीछे-पीछे चल पड़ें।

तालाब के पास पहुंचते ही मछुआरे ने एक मंत्र पढ़ा और तालाब की सबसे बड़ी मछली उसके पैरों के पास आकर गिर पड़ी। फिर मछुआरे ने तालाब को झुककर प्रणाम किया और वहां से महल की ओर निकल पड़ा। राजा पीछे से सबकुछ छिपकर देख रहे थे। यह नजारा देख उन्हें बहुत आश्चर्य हुआ। फिर वह भी अपने महल की ओर चले गए।

एक दिन मौका देखकर राजा ने मछुआरे से उसके मछली पकड़ने की विधि के बारे में पूछा। राजा ने कहा, “तुम ऐसा कौन सा मंत्र जानते हो, जिसके बोलते ही मछली खुद-ब-खुद तुम्हारे पास आ जाती है। कृपा करके मुझे भी वह मंत्र सिखा दो।” राजा की बात सुनकर मछुआरा अचरज में पड़ गया। उसने कहा, “क्षमा कीजिए महराज! मैं इस मंत्र का उच्चारण आपको नहीं सिखा सकता हूं।”

राजा शांत नहीं बैठे। वह मछुआरे से बार-बार मंत्र सीखने की जिद करने लगे। अंत में मछुआरा मजबूर हो गया और उसने राजा को वह मंत्र सिखा दिया। मंत्र सीखने के बाद एक दिन राजा तालाब के किनारे अकेले गए और उस मंत्र का उच्चारण किया। तभी एक मछली उनके पैरों के पास आकर गिर पड़ी।

इसके बाद राजा बहुत खुश हुए। उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। वह सबको यह बात बताना चाहते थे। एक दिन मौका देखकर उन्होंने अपने दरबार में सभी लोगों को इस मंत्र के बारे में बता दिया। राजा की बात सुनकर सभी बहुत चकित हुए और उन्होंने पूछा कि इस मंत्र के बारे में उन्हें किसने बताया।

इस पर राजा ने कहा, बहुत समय पहले वह एक महान ऋषि से मिले थे। उन्होंने ही इस मंत्र के बारे में उन्हें यह जानकारी दी थी। राजा की बात सुनकर सभी मंत्री भी इस बात की सचाई जानने के लिए तालाब के किनारे पहुंचे और मंत्र का उच्चारण करने लगे। मंत्रियों के द्वारा कई बार मंत्र बोले जाने पर भी एक भी मछली तालाब से नहीं निकली।

इस वजह से राजा को सभी मंत्रियों के सामने काफी शर्मिंदा होना पड़ा। इसके बाद वह उस मछुआरे पर गुस्सा होने लगे और उसे सजा सुनाने का आदेश दिया। तभी तालाब से अचानक एक आवाज आई, सुनो राजन! तालाब से एक भी मछली नहीं निकली इसमें मछुआरे का कोई दोष नहीं है, बल्कि इसमें गलती तुम्हारी है। तुमने अपने गुरु को गुरु नहीं माना, जिसने तुम्हें यह मंत्र सिखाया। इसलिए मछली तालाब से नहीं निकली। अगर तुम अपने गुरु को स्वीकार करते, तो ऐसा नहीं होता।

तालाब की बात सुनकर राजा को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने तुरंत मछुआरे से माफी मांगी और उसे अपने गुरु के रूप में स्वीकार किया। इसके बाद वह मंत्र काम करने लगा और राजा भी खुश हुआ।

### ◆ कहानी से सीख

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि इंसान को कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए और न ही अपने गुरु का अपमान करना चाहिए।

## Highlights

- **Mesmerising: US envoy Garcetti on Nagaland's Hornbill Festival**
- **Warmer winter likely as IMD predicts above normal temperatures in India**
- **Unplug. Unwind. Unwork. Just Take a Break Girl!**
- **Pic shows invitations being sent for Ram Mandir's inauguration in January**
- **COP28: Why Is PM Modi & Giorgia Meloni's Selfie Stealing Spotlight**
- **Why Allahabad HC Refusing 'Ojha' Godman Bail In Rape Case Matters**

# Sam Altman reveals why he was fired, then re-hired as OpenAI CEO, says 'was hurt and angry'

**NEW DEIHI, (Agency).** After days of boardroom turmoil in Microsoft-backed company OpenAI, Sam Altman made a comeback as the CEO of the artificial intelligence firm on November 30. He was reinstated at the top post after being fired from the company on November 17.

In an interview with The Verge, Altman revealed the real reason why he decided to accept the proposal from the board, and why he was sacked as the OpenAI CEO in the first place. The tech wiz revealed that he was "hurt and angry" but ultimately decided to accept the position once again.

Sam Altman revealed in the interview that when he first received the offer to be the CEO of OpenAI once again, it “took him a while to get over the ego and emotions”. Eventually, he decided to accept the proposal put forward for him.




"Obviously, I really loved the company and had poured my life force into this for the last four and a half years full time, but really longer than that with most of my time. And we’re making such great progress on the mission that I care so much about, the mission of safe and beneficial AGI," he said in the interview.

Ousted from OpenAI on November 17, the board members of the company said that Altman and top management had differences over his opinions on AI security, saying that the CEO had not been "completely candid" with the board.

When asked about why he was sacked from OpenAI last month, Sam Altman decided to refrain from giving the internal details of the decision. He also said that he "welcomes" the independent investigation into his dismissal, led by OpenAI's Bret Taylor.

Talking about accepting the position once again, Altman told The Verge, "It was really interesting. Saturday morning, some of the board called me and asked if I’d be up for talking about it. And my immediate reaction was sort of one of defiance.

# Gautam Singhania divorce: Raymond directors

**NEW DEIHI, (Agency)** Raymond Group managing director and chairman Gautam Singhania is currently in the process of finalising the divorce settlement with his estranged wife Nawaz Modi Singhania, with accusations of domestic violence hurting the stock of his company. However, independent directors of the Raymond Group have said they will be taking all possible measures to protect the investors of the company



from the marital dispute of Gautam Singhania and Nawaz Modi.

The statement comes a few days after Institutional Investor Advisory Services (IIAS), an Indian proxy advisory firm, this week urged the independent directors to launch an investigation into allegations of assault against Gautam Singhania and communicate with investors and other stakeholders to assuage their concerns.

IIAS had recommended that the company bring in a temporary CEO in view of the controversy surrounding Singhania and Modi's divorce settlement. However, the independent directors, so far, have not confirmed making any such change in the company hierarchy.

The independent directors have been meeting over the last few weeks and monitoring the situation as it "affects" the company and minority shareholders, they said. They “shall not hesitate to proactively initiate measures, the moment required, to protect the interests of all stakeholders,” the statement said.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।